दिनांक : 11/04/2026 समय : 07.10 PM

आकाशवाणी मध्यप्रदेश से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

**मुख्य समाचार :–**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा–देश में नागरिकता कानून के तहत शरणार्थियों को दिये जायेंगे सभी संवैधानिक अधिकार।
- रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने रायसेन में किया तीन दिवसीय उन्नत कृषि महोत्सव का उद्घाटन।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कल सीहोर जिले के आष्टा से लाड़ली बहना योजना की राशि करेंगे अंतरित।
- प्रदेश में गर्मी ने दिखाया असर, कई शहरों के तापमान में हुई बढ़ौतरी।

**प्रधानमंत्री–बंगाल**

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि शरणार्थियों को सभी संवैधानिक अधिकार दिए जाएंगे और घुसपैठियों को निकाला जाएगा। आज पश्चिम बंगाल के कटवा में, एक चुनावी रैली में उन्होंने कहा कि राज्य में भाजपा की सरकार बनने पर नागरिकता कानून के तहत पात्र आवेदकों को नागरिकता देने की प्रक्रिया तेज़ की जाएगी। श्री मोदी ने कहा कि अवैध रूप से राज्य में रहने वालों की मदद करने वालों को भी बख्शा नहीं जाएगा।

**उन्नत कृषि महोत्सव**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज रायसेन में तीन दिवसीय उन्नत कृषि महोत्सव का उद्घाटन किया। 13 अप्रैल तक चलने वाले इस महोत्सव में ड्रोन, सोलर पंप, पॉली हाउस और माइक्रो इरिगेशन जैसी आधुनिक तकनीकों का प्रदर्शन किया जा रहा है। इस दौरान कृषि में एआइ के उपयोग से लेकर इंटीग्रेटेड फार्मिंग जैसे 20 विषयों पर विशेषज्ञ किसानों से सीधा संवाद करेंगे। इस अवसर पर केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि हर राज्य का कृषि रोडमैप तैयार किया जा रहा है, ताकि स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार खेती को आगे बढ़ाया जा सके।

इस मौके पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि किसानों के सर्वांगीण विकास के लिये प्रतिबद्ध प्रदेश सरकार ने वर्ष 2026 को "कृषक कल्याण वर्ष" के रूप में मनाने का संकल्प लिया है।

कृषि महोत्सव का समापन समारोह 13 अप्रैल को केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी की उपस्थिति में होगा।

## प्रतिमा अनावरण

**विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने सागर में भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर की**

प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम में कहा है कि भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर ने संघर्ष, परिश्रम, दूरदृष्टि, सादगी को जीवन में अंगीकार कर देश को आगे बढ़ाने का कार्य किया। मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ में कपूरी ठाकुर की पहली प्रतिमा स्थापित की गई है। इस अवसर पर केंद्रीय जल शक्ति मंत्री राजभूषण चौधरी ने कहा कि भारत रत्न श्री कर्पूरी ठाकुर का जीवन संघर्ष, सादगी, समर्पण और परिश्रम से भरा था।

**ट्रांसफार्मर**

ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया कि मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी ने बुंदेलखंड क्षेत्र में बढ़ती विद्युत मांग को ध्यान में रखते हुए छतरपुर स्थित 220 केवी सबस्टेशन में 200 एमवीए क्षमता का नया पावर ट्रांसफार्मर सफलतापूर्वक ऊर्जीकृत किया है। इस पावर ट्रांसफार्मर के संचालन में आने से न केवल छतरपुर बल्कि टीकमगढ़, निवाड़ी एवं पन्ना जिलों में भी विद्युत आपूर्ति की गुणवत्ता और विश्वसनीयता में उल्लेखनीय सुधार होगा। इससे क्षेत्र के ट्रांसमिशन नेटवर्क को मजबूती मिलेगी और भविष्य की बढ़ती मांग को पूरा करने में सहायता मिलेगी।

लाड़ली बहना

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कल सीहोर जिले के आष्टा में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेशभर की लाड़ली बहनों के खाते में लाड़ली बहना योजना की राशि अंतरित करेंगे। इस मौके पर मुख्यमंत्री करीब 185 करोड़ रुपये लागत के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन भी करेंगे।

**गोयल - सऊदी अरब**

वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने विश्वास व्यक्त किया है कि हाल ही में घोषित युद्धविराम पश्चिम एशिया में स्थायी शांति और सुरक्षा का मार्ग प्रशस्त करेगा। गोयल ने सऊदी अरब के वाणिज्य मंत्री माजिद बिन अब्दुल्ला अल कासबी के साथ वर्चुअल बातचीत के दौरान यह बात कही। उन्होंने बढ़ते व्यवधानों और अस्थिरता के बावजूद आपूर्ति श्रृंखला को सुचारू रूप से चलाने के सऊदी लोगों के दृढ़ संकल्प की सराहना की। श्री गोयल ने मौजूदा संघर्ष के दौरान सऊदी अरब में हुए हमलों की निंदा की और भारतीय समुदाय की सुरक्षा के लिए सऊदी अरब के प्रयासों की सराहना की।

एलपीजी

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्त संरक्षण मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत ने बताया कि प्रदेश में पर्याप्त मात्रा में पेट्रोलियम पदार्थ उपलब्ध है। प्रदेश में आवश्यक वस्तु अधिनियम के अन्तर्गत एलपीजी की कालाबाजारी रोकने के लिये निरंतर कार्यवाही की जा रही है, अभी तक 2866 स्थानों पर जांच की गई, 4283 एलपीजी सिलेण्डर जब्त किये गए तथा 11 प्रकरणों में एफआईआर दर्ज कराई गई। प्रदेश के 738 पेट्रोल पंप की जांच कराई गई है। इसमें 1 प्रकरण में एफ.आई.आर. दर्ज कराई गई है। प्रदेश के समस्त जिला आपूर्ति नियंत्रक/अधिकारी एवं ऑयल कंपनी के अधिकारियों को सतत् रूप से पेट्रोल पंपों की जांच करने के निर्देश दिये गये हैं।

**ज्योतिबा फुले की जयंती**

समाज सुधारक और महान जनसेवक महात्मा ज्योतिबा फुले की आज जयंती है। 1827 में आज ही के दिन जन्मे महात्मा फुले ने अपनी पत्नी सावित्री फुले के साथ मिलकर महिला शिक्षा, जाति व्यवस्था और छुआछूत जैसी सामाजिक बुराइयों के खिलाफ जीवनभर संघर्ष किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने समानता, शिक्षा और सामाजिक न्याय के प्रबल अग्रदूत, महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती पर पुण्य स्मरण कर उन्हें नमन किया ।

## मौसम

प्रदेश में आंधी–बारिश का दौर थमते ही गर्मी ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। प्रदेश के अधिकांश शहरों में दिन के तापमान में 5 डिग्री तक की बढ़ोतरी दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार 15 अप्रैल से एक नया सिस्टम सक्रिय होगा, लेकिन इसका असर कमजोर रहेगा। ऐसे में प्रदेश में तेज गर्मी का दौर जारी रहने की संभावना है।

## समाचार संक्षेप में .....

- खंडवा- जिले में अम्बेडकर जयंती के उपलक्ष्य में 13 अप्रैल को जिला स्तरीय समारोह किशोर कुमार सभागृह में आयोजित होगा।
- देवास जिले में “जल गंगा संवर्धन अभियान” के अंतर्गत विधायक मुरली भंवरा ने ग्राम चापड़ा के तालाब के गहरीकरण कार्य का शुभारम्भ किया।
- जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट के मुख्य आतिथ्य में कल इंदौर जिले के ग्राम कदवालीखुर्द में स्वच्छता अभियान एवं जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित किया गया।

- जबलपुर में स्वास्थ्य विभाग ने नियमों का पालन न करने पर 5 निजी अस्पतालों का पंजीयन निरस्त कर दिया है ।
- भोपाल के गाँधी चिकित्सा महाविद्यालय के बायोकेमिस्ट्री विभाग द्वारा एक दिवसीय सीएमई "जीएमसी बायोकॉन 2.0" का आयोजन किया गया।
- सीहोर जिले के भैरूंदा विकासखंड स्थित सांदीपनि स्कूल परिसर में आज तीन दिवसीय विकासखंड स्तरीय पुस्तक मेला शुरू हुआ।
- शहडोल जिले में जनगणना 2027 के पहले चरण की तैयारी अंतिम चरण में है। जनगणना की ड्यूटी करने वाले प्रगणकों के लिए 13 अप्रैल से प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है।

  और
- शिवपुरी जिले में आज एक सड़क हादसे में नवविवाहित दूल्हा-दुल्हन सहित 4 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।